दिनांकः 05.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ''विमन ऑफ राजस्थान'' अभियान के बारे में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें श्री शर्मा ने कहा है कि राजस्थान की महिलाओं ने साहस और संकल्प की अद्भुत कहानियां रची हैं। अभियान के माध्यम से ऐसी प्रेरणादायी महिलाओं की कहानियां लोगों तक पहुंचाई जाएंगी, जो अपने प्रयासों से बदलाव ला रही हैं।

.........................................................

अजमेर शहर के हरिभाऊ उपाध्याय नगर में नया पुलिस थाना शुरू किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने एडीए भवन में इस अस्थायी थाने का उद्घाटन किया। स्थायी भवन के निर्माण के बाद इसे कोटड़ा स्थानांतरित किया जाएगा। एचबीयू नगर थाने के पहले थानाप्रभारी महावीर प्रसाद शर्मा होंगे। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के बाद इस थाने का गठन किया गया है।

.........................................................

भांकरोटा गैस टैंकर अग्निकांड के मृतकों के आश्रितों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री सहायता कोष से कुल एक करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित कर दी गई है। प्रत्येक मृतक के आश्रित को पांच–पांच लाख रुपये दिये गये हैं। वहीं 24 घायलों को एक–एक लाख रुपये की राशि दी गई है। इसके अलावा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से भी मृतक के आश्रितों को छह–छह लाख रुपये और घायलों को दो–दो लाख रुपये की मुआवजा राशि दी गई है।

.........................................................

प्रदेश में एक हजार कामगारों को बिजली से चलने वाले चाक वितरित करने की बजट घोषणा की क्रियान्विती के लिए कल लॉटरी निकाली गई। श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने कल जयपुर में लॉटरी के माध्यम से करौली जिले के 20 मिट्टी कामगारों का चयन किया। श्री टाक ने बताया कि इन कामगारों को 10 दिन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्यभर से 13 हजार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। पहले चरण में 25 जिलों के कामगारों को विद्युत चाक और पगमिल दिये जाएंगे।

.........................................................

पाली जिले के गिरादड़ा में ऑक्सीजोन घना जंगल बनाने की पहल से पर्यावरण प्रेमियों में खुशी की लहर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यावरण विशेषज्ञों ने चारागाह गौचर भूमि को पेड़–पौधों के अनुकूल बनाने के लिए कई तरह के ऑर्गेनिक उत्पादों का इस्तेमाल किया है।

.........................................................

राज्य में आज श्रीगंगानगर, अलवर, हनुमानगढ, डीग, भरतपुर, चूरू और बाड़मेर सहित कई स्थानों पर घना कोहरा दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में घना कोहरा दर्ज होने की संभावना जताई है। आज बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार हैं। इस बीच, बीते 24 घंटों में चूरू, डूंगरपुर और चित्तौडगढ़ में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

.........................................................

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह पिछले कुछ हफ्तों में चीन में फैले एचएमपी वायरस पर कड़ी निगरानी रख रहा है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद–आईसीएमआर एचएमपी वायरस के परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं की संख्या में बढोतरी करेगा और पूरे साल वायरस की प्रवृत्तियों पर निगरानी की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक ने बताया कि वर्तमान स्थिति में घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है और लोगों को सामान्य सावधानियां बरतने की जरूरत है।

.........................................................